मुख्यमंत्री सचिवालय

प्रेस विज्ञप्ति

रांची,दिनांक: 15/11/2025

मुख्यमंत्री सचिवालय
प्रेस विज्ञप्ति --579/2025
15 नवंबर 2025
उलिहातु, खूंटी
============================
माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार, माननीय मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन एवं जनजातीय कार्य मंत्रालय भारत सरकार के मंत्री श्री जुएल ओराम पहुंचे उलिहातु।
============================

★ **धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के अवसर पर उन्हें दी भावपूर्ण श्रद्धांजलि।**
============================

माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार, माननीय मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन एवं जनजातीय कार्य मंत्रालय भारत सरकार के मंत्री श्री जुएल ओराम आज धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के अवसर पर खूंटी जिला स्थित उनके पैतृक गांव उलिहातु पहुंचे। माननीय राज्यपाल, माननीय मुख्यमंत्री एवं माननीय केंद्रीय मंत्री ने यहां धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली पर परम्परागत जनजातीय विधि-विधान से पूजा-अर्चना की, तदोपरांत उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी।

मौके पर माननीय राजपाल श्री संतोष कुमार गंगवार, माननीय मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन एवं माननीय केंद्रीय मंत्री श्री जुएल ओराम ने धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के वंशजों से आत्मीय मुलाकात की तथा शॉल ओढ़ाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर उन्हें सम्मानित किया।

==========================

#Team PRD(CMO)